# बिपिन त्रिपाठी कुमायूँ प्रौद्योगिकी संस्थान, द्वाराहाट–अल्मोड़ा

दिनांकः 15–07–2024

## सूचना

विश्वविद्यालय के पत्रांक 1143/VMSBUTU/2024 दिनांक 03–07–2024 के क्रम में सूचित किया जाता है, कि जो छात्र समर सेमेस्टर हेतु अर्ह हैं (प्रथम वर्ष में 20 क्रैडिट से कम उत्तीर्ण एवं द्वितीय वर्ष में कुल 40 क्रैडिट से कम उत्तीर्ण) एवं जिन छात्र–छात्राओं की न्यूनतम उपस्थिति पूर्ण न होने के कारण ईवन सेमेस्टर 2023–24 की परीक्षाओं से वंचित कर दिया गया था, उन्हें **UMS Portal** पर परीक्षा फार्म भरने के उपरांत संस्थान में स्वयं उपस्थित होकर पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। समर सेमेस्टर में पंजीकरण हेतु विश्वविद्यालय द्वारा प्रति विषय रू0 5000/– का शुल्क निर्धारित है, जो कि छात्रों को ***पंजीकरण के समय संस्थान में जमा करना अनिवार्य होगा।***

जिन छात्र–छात्राओं को न्यूनतम उपस्थिति न होने के कारण ईवन सेमेस्टर 2023–24 की परीक्षाओं से वंचित कर दिया गया था, उन्हें ***कम से कम एक विषय*** में पंजीकरण कराकर संस्थान द्वारा संचालित की जाने वाली कक्षाओं में 60 प्रतिशत उपस्थिति के उपरांत परीक्षा में सम्मिलित होना अनिवार्य है। समर सेमेस्टर हेतु संस्थान स्तर पर दिनांक 22–07–2024 को पंजीकरण किया जायेगा एवं कक्षाएँ दिनांक 23–07–2024 से संचालित की जाएंगी।

[signature] 15/07/2024
अधिष्ठाता शैक्षिक

प्रतिलिपिः–

1. निदेशक महोदय को सूचनार्थ।
2. समस्त विभागाध्यक्ष को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. चीफ वार्डन को आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. प्रभारी सी0सी0एफ0सी0 वेबसाइट पर अपलोड हेतु।
5. परीक्षा नियंत्रक,

[signature] 15.07.2024
अधिष्ठाता शैक्षिक

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून
(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)
VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN
(Formerly Uttakhand Technical University Established By Act no. 415/2005 by Uttarakhand Gvoenment)
Chakrata Road P.O. Chandanwadi, Premnagar sudhowal, Dehradun, Uttarakhand (India)
Tel. No. 0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

**महत्वपूर्ण**

पत्रांकः– 1143 /VMSBUTU/2024 दिनाँकः 03,जुलाई,2024

सेवा में,

निदेशक/प्राचार्य,
समस्त सम्बद्ध एवं परिसर संस्थान,
वी0मा0सिं0भ0उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड।

विषयः **समर सेमेस्टर–2023-2024 परीक्षा हेतु रजिस्ट्रेशन एवं परीक्षा शुल्क के संबंध में।**

महोदय,

उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय की परीक्षा समिति की दिनांक 26.06.2024 को सम्पन्न 38 वीं बैठक में हुए निर्णय के कम में अवगत कराना है कि प्रथमवार न्यूनतम उपस्थिति न होने के कारण परीक्षा से वंचित हुए छात्रों को अपवाद स्वरूप भविष्य में इस निर्णय को दृष्टान्त न मानने के प्रतिबन्ध के साथ सत्र 2023–24 के सम सेमेस्टर परीक्षा के परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त प्रोन्नति हेतु न्यूनतम केडिट अर्जित करने के लिये विशेष कक्षायें संचालित करते हुए समर सेमेस्टर की मात्र थ्योरी विषयों की कक्षाओं के लिए रजिस्ट्रेशन हेतु रू0 5000/– (रूपये पांच हजार मात्र) प्रति विषय निर्धारित किया गया है जिसे अर्ह छात्रों द्वारा संबंधित संस्थान को भुगतान किया जायेगा। ऐसे छात्र/छात्रा जो न्यूनतम उपस्थिति धारित न होने के कारण सम सेमेस्टर 2023–24 परीक्षा से वंचित रह गये है परन्तु प्रोन्नति हेतु न्यूनतम केडिट धारित करते है उन्हें प्रोन्नति हेतु अर्ह होने के लिए न्यूनतम एक विषय को समर सेमेस्टर में पढ़ते हुये समर सेमेस्टर परीक्षायें देना अनिवार्य है।

परीक्षा समिति की दिनांक 26.06.2024 को सम्पन्न 38 वीं बैठक में हुए निर्णय के कम में यह भी अवगत कराना है कि समर सेमेस्टर परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्रों हेतु प्रति विषय परीक्षा शुल्क स्पेशल बैक पेपर की भाँति रू0 2000/– (रूपये दो हजार मात्र) निर्धारित किया गया हैं तथा न्यूनतम उपस्थिति न धारित करने वाले परीक्षा से वंचित छात्रों को यह सुविधा आगामी सत्र मे देय नहीं होगी।

उपरोक्त के साथ–साथ कृपया अवगत होवें कि सत्र 2022–23 से प्रभावी **Ordinance के Re-admission एवं Promotion clause के प्राविधानों में प्रदत्त स्थिति निम्नवत् है:–**

- विभिन्न तकनीकी एवं लॉ पाठ्यकम जैसे–B.Tech, M.Tech, BHMCT, MBA, MBA Integrated हेतु 2022–23 से प्रभावी आर्डिनेन्स में दी गयी व्यवस्था प्राविधानों को नियमानुसार स्पष्ट करते हुए निम्नानुसार अनुमोदन प्रदान किया गया। "Promotion हेतु Minimum Eligibility Criteria" पूर्ण करने के साथ–साथ यदि छात्र/छात्रा संदर्भित Academic Session के दोनो सेमेस्टर परीक्षाओं में Appear होता है तथा साथ ही उस छात्र/छात्रा के दोनों सेमेस्टर के आंतरिक थ्योरी एवं प्रायोगिक सेशनल अंक Continuous Assessment करने के पश्चात प्रदान किये जाते है, तो उसी परिस्थिति में छात्र/छात्रा अग्रिम कक्षा में Promotion हेतु पात्र हैं। किसी भी परिस्थिति में यदि छात्र/छात्रा का किसी भी सेमेस्टर का यदि संस्थान द्वारा उस सेमेस्टर के समस्त विषयों के सेशनल अंक प्रदान नहीं किये जाते है, उस स्थिति के वह छात्र Promotion का पात्र न होते हुए मात्र Re-admission का पात्र होगा।

- यदि छात्र /छात्रा का संस्थान द्वारा संबंधित Academic Session के दोनों सेमेस्टर में सेशनल अंक प्रदान किये जाते है तथा वह छात्र/छात्रा दोनों सेमेस्टर की परीक्षा में Appear होता है परन्तु वह Minimum Cumulative Credit नहीं दर्ज कर पाता है, वह समर सेमेस्टर का पात्र है तथा यदि वह समर सेमेस्टर परीक्षा में वह भाग नहीं लेता है या यदि समर सेमेस्टर परीक्षा देने के पश्चात भी न्यूनतम Cumulative Credit नहीं प्राप्त करता है तो ऐसी परिस्थिति में छात्र के पास Re-admission अथवा Ex -Student Ship का विकल्प मौजूद है।

वीर माधो सिंह भण्डारी उत्तराखण्ड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय,देहरादून
(उत्तराखण्ड सरकार द्वारा अधिनियम 415/2005 द्वारा स्थापित पूर्ववर्ती उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय)
VEER MADHO SINGH BHANDARI UTTARAKHAND TECHNICAL UNIVERSITY, DEHRADUN
(Formerly Uttakhand Technical University Established By Act no 415/2005 by Uttarakhand Gvoenment)
Chakrata Road P.O. Chandanwadi, Premnagar suddhofwal, Dehradun, Uttarakhand (India)
Tel. No. 0135-2774067 Website: www.uktech.ac.in

- किसी छात्र/छात्रा के संदर्भिक शैक्षणिक सत्र में दोनो सेमेस्टर के सेशनल अंक विश्वविद्यालय में उपलब्ध कराये जाने के बावजूद यदि छात्र किसी भी सम्पूर्ण सेमेस्टर परीक्षा देने में असमर्थ रहता है अथवा किसी कारण से Detain किया जाता है तो ऐसे छात्र न्यूनतम केडिट धारित करने अथवा न धारित करने के दोनो परिस्थितियों में Re-admission अथवा Ex -Student Ship के पात्र होगें।

अतः आपसे अनुरोध है कि कृपया उपरोक्त से अवगत होते हुए सत्र 2023–24 की परीक्षाओं के परीक्षाफल घोषित होने के उपरान्त अर्ह छात्रों को जिसमें अपवाद स्वरूप न्यूनतम उपस्थिति से वंचित छात्र भी सम्मिलित हैं के लिये समुचित कक्षायें संचालित कर मात्र न्यूनतम उपस्थिति धारित करने वाले छात्रों को अगस्त, 2024 के प्रथम सप्ताह में निर्धारित समर सेमेस्टर की परीक्षाओं में अर्हता की दशा में प्रतिभाग कराना सुनिश्चित करें। समर सेमेस्टर हेतु परीक्षा फॉर्म आवेदन 10–15, जुलाई, 2024 के मध्य विश्वविद्यालय पोर्टल पर UMS के माध्यम से भरे जा सकेंगे तथा यह सुविधा मात्र अर्ह छात्रों को ही उपलब्ध होगी। समर सेमेस्टर परीक्षा का परीक्षा कार्यक्रम पृथक से जारी होगा। कृपया अपने संस्थान को छात्रों को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय,

(डॉ० वी०के० पटेल)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषितः–

1. निजी सचिव, मा० कुलपति वी०मा०सिं०भ०, यू०टी०यू० को कुलपति महोदय के सादर संज्ञानार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, वी०मा०सिं०भ०, यू०टी०यू० देहरादून।
3. वित्त नियत्रंक, वी०मा०सिं०भ०, यू०टी०यू० देहरादून।
4. वेबमास्टर, वी०मा०सिं०भ०, यू०टी०यू० देहरादून को इस निर्देश के साथ कि संबंधित संस्थानों को प्रेषित/सूचित करते हुए विश्वविद्यालय की वेबसाइट में अपलोड हेतु।
5. नोडल आफिसर, यू०एम०एस० को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. गार्ड फाइल।

(डॉ० वी०के० पटेल)
परीक्षा नियंत्रक